कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से जल्द आएंगे 12 नए चीते, एमओयू को मिली मंजूरी

चर्चा में क्यों?

4 दिसंबर, 2022 को श्योपुर ज़िले के राष्ट्रीय कूनो अभयारण्य के डीएफओ प्रकाश शर्मा ने मीडिया को बताया कि कूनो नेशनल पार्क में जल्द ही दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते आने वाले हैं। दक्षिण अफ्रीका के वन और पर्यावरण मंत्री बारबरा क्रीसी ने प्रोजेक्ट चीता के लिये भारत के साथ एमओयू को मंज़ूरी दे दी है। दस्तावेज़ अब राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के पास है।

प्रमुख बिंदु

- डीएफओ प्रकाश शर्मा ने बताया कि भारत आने के लिये दक्षिण अफ्रीका में बीते साढ़े तीन माह से 12 चीतों को क्वारंटाइन में रखा गया है। इन चीतों को आगामी 15 दिसंबर तक भारत के श्योपुर कूनो में लाया जा सकता है। पार्क में नए आने वाले चीतों के लिये आठ नए बाड़े भी बनाकर तैयार किये गए हैं।
- गौरतलब है कि जुलाई 2022 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से चीता प्रोजेक्ट के लिये 12 चीतों को दिये जाने का आग्रह किया था। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से एक साथ चीते लाकर भारत में बसाए जाने थे।
- चीतों के चयन से लेकर इनको क्वारंटीन करने तक की तैयारी नामीबिया के साथ ही दक्षिण अफ्रीका में भी उसी समय पूरी कर ली गई थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका से चीता लाने का एमओयू साइन नहीं हो पाया था, जिसकी वजह से नामीबिया से आठ चीते भारत आ गए, लेकिन दक्षिण अफ्रीका में चिह्नित किये गए 12 चीते क्वारंटीन बाड़ों में ही बंद रह गए।
- विदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2022 को श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को छोड़ा था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/12-new-cheetahs-will-soon-come-from-south-africa-in-kuno-national-park